पाठ - चिट्ठी का सफ़र

शब्दार्थ –

1. चिट्ठी - पत्र
2. पता - किसी के घर या कार्यालय का स्थान
3. डाकघर - वह स्थान जहाँ से पत्र, पैकेज, आदि भेजे और प्राप्त किए जाते हैं
4. डाकिया - डाकघर का कर्मचारी जो पत्र, पैकेज, आदि बांटता है
5. पिनकोड - एक छह अंकों का कोड जो किसी स्थान को पहचानने के लिए उपयोग किया जाता है
6. दूरस्थ - जो बहुत दूर है
7. सुदूर - जो बहुत दूर है
8. लक्ष्य - जिसे पाना है या प्राप्त करना है
9. पहुँचना - किसी स्थान पर पहुँचना
10. प्रेषक - वह व्यक्ति जो पत्र लिखता है
11. प्राप्तकर्ता - वह व्यक्ति जो पत्र प्राप्त करता है
12. सफर - एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना
13. यात्रा - एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना

प्रश्न-अभ्यास

प्रश्न 1. गांधीजी को सिर्फ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र कैसे पहुँच गया होगा?

उत्तर: गांधीजी भारत में ही नहीं विदेशों में भी प्रसिद्ध थे। उनके बारे में सभी को पता होता था कि वे किसी खास समय। में किस स्थान पर हैं। इस कारण उनको सिर्फ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र पहुँच गया है।

प्रश्न 2. अगर एक पत्र में पते के साथ किसी का नाम हो तो क्या पत्र ठीक जगह पर पहुँच जाएगा?

उत्तर: निस्संदेह नाम और पते से पत्र ठीक जगह पर पहुँच जाएगा।

प्रश्न 3. नाम न होने से क्या समस्याएं आती हैं?

उत्तर: नाम न होने से डाकिए को यह पता करने में थोड़ा मुश्किल होता है कि पत्र किसका है? और हो सकता है कि उस आदमी की जगह किसी और के हाथ में पत्र पहुँच जाए।

प्रश्न 4. पैदल हरकारों को किस-किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा?

उत्तर: पैदल हरकारों को हर तरह की जगहों पर पहुँचना होता था। उन्हें डाक की रक्षा भी करनी होती थी। डाकू, लुटेरों या जंगली जानवरों की चपेट में आने का डर हमेशा बना रहता था।

प्रश्न 5. अगर तुम किसी को चिट्ठी लिख रहे हो तो पते में यह जानकारी किस क्रम में लिखोगे? गली/मोहल्ले का नाम, घर का नंबर, राज्य का नाम, खंड का नाम, कस्बे/शहर/गाँव का नाम, जनपद का नाम नीचे दी गई जगह में लिखो।

तुमने इस क्रम में ही क्यों लिखा?

उत्तर:

• घर का नंबर • गली/मोहल्ले का नाम • खंड का नाम • कस्बे/शहर/गाँव का नाम • जनपद का नाम • राज्य का नाम

हमने पता इस क्रम में इसलिए लिखा क्योंकि पता लिखते समय छोटी भौगोलिक इकाई से शुरू करके बड़ी की ओर बढ़ा जाता है।

प्रश्न 6. अपने घर पर कोई पुराना (या नया) पत्र ढूँढ़ो। उसे देखकर नीचे लिखे प्रश्नों का जवाब लिखो

(क) पत्र किसने लिखा?

(ख) किसे लिखा?

(ग) किस तारीख को लिखा?

(घ) यह पत्र किस डाकखाने में तथा किस तारीख को पहुँचा?

(ङ) यह उत्तर तुम्हें कैसे पता चला?

उत्तर: छात्र स्वयं करें।

प्रश्न 7. चिट्ठी भेजने के लिए आमतौर पर पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र या लिफ़ाफ़ा इस्तेमाल किया जाता है। डाकघर जाकर इनका मूल्य पता करके लिखो

उत्तर -

पोस्टकार्ड- 50 पैसे, अंतर्देशीय पत्र - 50 पैसे, लिफ़ाफ़ा - 5 रुपये

प्रश्न 8. डाकटिकट इकट्ठा करो। एक रुपये से लेकर दस रुपये तक के डाकटिकटों को क्रम में लगाकर कॉपी पर चिपकाओ। इकट्ठा किए गए डाकटिकटों पर अपने साथियों के साथ चर्चा करो।

उत्तर:



शब्दकोश -

(क) बताओ कि कौन-सा अर्थ पाठ के संदर्भ में ठीक है।

उत्तर:

किसी संदेश को दूर तक या बहुत-से लोगों तक पहुँचाने की क्रिया या प्रणाली कम्यूनिकेशन।

(ख) इस पन्ने को ध्यान से देखो और बताओ कि शब्दकोश में दिए गए शब्दों के साथ क्या-क्या जानकारी दी गई होती हैं।

उत्तर:

शब्दकोश में शब्द के साथ उसके भिन्न-भिन्न अर्थ, लिंग, वचन, पुरुष आदि जानकारियाँ दी गई होती हैं।